# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR
## Half Yearly Examination - (2025 – 2026)

**Class: VIII** **MM: 80**
**Subject: HINDI** **Time: 3Hrs.**

---

**सामान्य निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- खंड 'क','ख','ग' और 'घ'।

(2) खंड 'क' में बहुविकल्पीय, अतिलघु व लघु उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं।

(3) खंड 'ख' में अतिलघु/लघु उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं।

(4) खंड 'ग' में बहुविकल्पीय व वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(5) खंड 'घ' में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(6) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

## खंड 'क' : अपठित बोध (14 अंक)

**1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए- (1X3+2X2=7)**

बाल मज़दूरी हमारे देश के लिए अक्षम्य अपराध है। देश में आज न जाने कितने बच्चे बाल मज़दूरी कर रहे हैं, क्या उन्हें हमारी तरह जीने का अधिकार नहीं है? राजेश जोशी ने बड़े ही मार्मिक तरीके से 'बाल-श्रमिक' के ऊपर करूण रस की कविता लिखी है। उनका कहना है 'बच्चे काम पर जा रहे हैं सुबह-सुबह' अर्थात पढ़ाई-लिखाई छोड़कर बच्चे मज़दूरी करने काम पर जा रहे हैं। क्या उनके जीवन में खेल का मैदान नहीं है? क्या उनके लिए पुस्तकालय और पाठशाला नहीं है? इस तरह के भाव-बोध और पीड़ा-बोध से रचित राजेश जोशी की कविता आधुनिक सभी समाज के ऊपर एक प्रकार का व्यंग्य भी प्रस्तुत करती है।

वैश्विक स्तर पर शांति के लिए वर्ष 2014 के नोबल पुरस्कार प्राप्तकर्ता श्री कैलाश सत्यार्थी,जो 'बचपन बचाओ आंदोलन' के सृजनकर्ता माने जाते हैं, का कहना है कि "बाल-श्रमिकों की पहचान के संबंध में सबसे बड़ी समस्या उम्र का निर्धारण करना है।" उनके जागरूकता अभियान के कारण अब बहुत सीमा तक लोग जानने लगे हैं कि 14 साल के बच्चे से काम कराना एक दंडनीय अपराध है। इसमें उम्र का निर्धारण कर पाना बेहद कठिन काम है। इसमें बच्चों का शोषण करने वाले लोग उनकी उम्र-सीमा 14 वर्ष से ऊपर दिखाकर कानूनी प्रक्रिया से बंधनमुक्त हो जाया करते हैं। यदि कठोर नियम बनाकर उचित कार्यवाही की जाए, बाल मज़दूरी के ऊपर बहुत सीमा तक लगाम लगाई जा सकती है।

**(i) निम्नलिखित में से प्रस्तुत गद्यान्श का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?**

(अ) नोबल पुरस्कार प्राप्तकर्ता कैलाश सत्यार्थी

(ब) बालश्रम : समस्या और समाधान

(स) पढ़ाई-लिखाई से वंचित बचपन

(द) बालश्रम : कानूनी प्रक्रिया

**(ii) राजेश जोशी की कविता का मूल भाव क्या है?**

(अ) कवि धर्म का पालन करना

(ब) बचपन का चित्रण करना

(स) बच्चों के प्रति तत्कालीन समाज की संवेदनहीनता को व्यक्त करना

(द) उपरोक्त सभी

**(iii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) : 'बचपन बचाओ आंदोलन' का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा?**

**कारण (R): लोग जानने लगे कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से काम कराना एक अपराध है।**

(अ) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

(ब) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(स) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(द) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**(iv) बाल श्रमिकों की पहचान के संबंध में सबसे बड़ी समस्या किसे माना गया है?**

**(v) गद्यान्श के अनुसार बाल मज़दूरी पर रोक कैसे लगाई जा सकती है?**

**2.निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (1X3+2X2=7)**

जिस राम के गुण आप गाते हैं
जिस अर्जुन पर आप मुग्ध हैं
बताओ तो दोस्तों!
उनके जो-जो चित्र
आपकी आस्था और विश्वास के हैं
वे राजमहलों के हैं
या वनवास के हैं?
मित्रों!
जब स्वयं रामचन्द्र
राजमहलों की रेशमी जूतियाँ उतारकर
नंगे पाँव वन में पधारे थे
तभी से वे महिमावान हो गए
राजकुमार तो थे ही
अब वे भगवान हो गए।
जटाधारी राम हों
या वन-वन भटकते पांडव
सबके गौरवशाली चरित्र वन के हैं
ताड़का का वध हो
या जटायु का संस्कार
केवट का मिलन हो
या शबरी से प्यार
भरत से मिलन का हेतु हो
या लंका का सेतु हो
सब वन के ही श्रृंगार हैं
राम के चौदह वर्ष हों
या पांडवों के तेरह वर्ष
दोनों ने महिमा की पूँजी
वन से ही उगाही थी।
सोने की लंका वनवासी राम ने
ढहाई थी

जुए की खाई में गिरे पांडवों ने
दुर्योधन की जंघा तोड़ने की
शक्ति वनवास से ही पाई थी।

**(i) यहाँ 'रेशमी जूतियाँ' और 'नंगे पाँव' किन स्थितियों का परिचय दे रहे हैं?**

(अ) राजा और रंक के

(ब) सुख और कष्ट के

(स) अमीरी और सुख के

(द) राम और पांडव के

**(ii) इस काव्यान्श में किसके महत्व को उजागर किया गया है ?**

(अ) वनवास के संघर्षपूर्ण जीवन को

(ब) राम और पांडव के

(स) जटायु और केवट के

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(iii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) : इस कविता का संदेश है**

**कारण (R) : वनों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।**

(अ) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(ब) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है।

(स) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(द) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

**(iv) किस घटना ने रामचंद्र को राजकुमार से भगवान बना दिया?**

**(v) कावयांश के अनुसार महापुरूषों का चरित्र गौरवशाली कहाँ हुआ है?**

## खंड-'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X4=4)**

(i) 'उज्ज्वल' और 'संवेदना' शब्दों में से उपसर्ग अलग कीजिए।

(ii) 'हेड' और 'खुश' उपसर्ग से एक-एक शब्द बनाइए।

(iii) 'ननिहाल' और 'सामाजिक' शब्दों में से प्रत्यय अलग कीजिए।

(iv) 'मान' और 'आई' प्रत्यय से एक-एक शब्द बनाइए।

(v) 'अपमानित' शब्द के उपसर्ग,मूल शब्द और प्रत्यय को अलग करके लिखिए।

**4.नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X4=4)**

(i) सरला यहाँ रहती है। रेखांकित शब्द का पद-परिचय दें।

(ii) पेड़ के ऊपर चिड़ियों का घोंसला है। रेखांकित शब्दों का पद-परिचय दें।

(iii) अमित ने अपनी पुस्तक में यह जानकारी दी है। रेखांकित शब्द का पद-परिचय दें।

(iv) परिश्रमी मनुष्य सदा सुख पाता है। रेखांकित शब्द का पद-परिचय दें।

(v) मैं प्रतिदिन सब्ज़ी लेने जाती हूँ । रेखांकित शब्द का पद-परिचय दें।

**5.नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X4=4)**

(i) विस्मयवाचक वाक्य का एक उदाहरण लिखिए।

(ii) श्याम गीत गाता है। इस वाक्य को निषेधवाचक वाक्य में बदलिए।

(iii) आश्रित उपवाक्य कितने प्रकार के होते हैं।सभी का नाम लिखिए।

(iv) यदि एक गोल और हो जाए, तो हम जीत सकते हैं।रचना के आधार पर किस प्रकार के वाक्य का उदाहरण है?

(v) बच्चे ने कहा <u>कि मुझे अब घर जाना है</u>।(रेखांकित उपवाक्य का नाम बताइए)

**6. नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1X4=4)**

(i) जब प्रस्तुत में अप्रस्तुत की संभावना व्यक्त की जाए तो उसे क्या कहते हैं?

(ii) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।

(iii) अर्थालंकार कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए।

(iv) धनुष उठाया ज्यों ही उसने,
और चढ़ाया उसपर बाण।
धरा-सिंधु नभ काँपे सहसा,
विकल हुए जीवों के प्राण॥

किस अलंकार का उदाहरण है?

(v) 'पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो' , किस अलंकार का उदाहरण है?

## खंड-'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

**7.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)**

भारतवर्ष सदा कानून को धर्म के रूप में देखता आ रहा है। आज एकाएक कानून और धर्म में अंतर कर दिया गया है। धर्म को धोखा नहीं दिया जा सकता, कानून को दिया जा सकता है। यही कारण है कि जो लोग धर्मभीरू हैं, वे कानून की त्रुटियों से लाभ उठाने में संकोच नहीं करते।

इस बात के पर्याप्त प्रमाण खोजे जा सकते हैं कि समाज के ऊपरी वर्ग में चाहे जो भी होता रहा हो, भारतवर्ष अंदर-ही-अंदर यह अनुभव कर रहा है कि धर्म कानून से बड़ी चीज है। अब भी सेवा,ईमानदारी,सच्चाई और आध्यात्मिकता के मूल्य बने हुए हैं। वे दब अवश्य गए हैं लेकिन नष्ट नहीं हुए हैं।

आज भी वह मनुष्य से प्रेम करता है, महिलाओं का सम्मान करता है,झूठ और चोरी को गलत समझता है,दूसरे को पीड़ा पहुँचाने को पाप समझता है। हर आदमी अपने व्यक्तिगत जीवन में इस बात का अनुभव करता है।समाचार-पत्रों में जो भ्रष्टाचार के प्रति इतना आक्रोश है, वह यही साबित करता है कि हम ऐसी चीजों को गलत समझते हैं और समाज में उन तत्वों की प्रतिष्ठा कम करना चाहते हैं, जो गलत तरीके से धन या मान संग्रह करते हैं।

**(i) कौन-से मूल्य अब भी बने हुए हैं?**

(अ) सेवा
(ब) ईमानदारी
(स) सच्चाई और आध्यात्मिकता
(द) उपरोक्त सभी

**(ii) किसको धोखा दिया जा सकता है और किसको नहीं?**

(अ) कानून को धोखा दिया जा सकता है धर्म को नहीं
(ब) धर्म को धोखा दिया जा सकता है कानून को नहीं
(स) कानून और धर्म दोनों को धोखा दिया जा सकता है
(द) इनमें से कोई नहीं

**(iii) भारतवर्ष में किस चीज को धर्म का दूसरा रूप समझा गया है?**

(अ) भगवान
(ब) कानून
(स) मंदिर
(द) धर्म

**(iv) पाप के विषय में लोगों की क्या धारणा है?**

(अ) पाप-पुण्य बेकार की बातें हैं
(ब) पाप करो तो पूजा-पाठ करो
(स) दूसरों को कष्ट पहुँचाना पाप है
(द) सेवा भी पाप है

**(v) समाचार-पत्रों में किसके प्रति आक्रोश है?**

(अ) धर्म
(ब) कानून
(स) भ्रष्टाचार
(द) आध्यात्मिकता

**8.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2X4=8)**

(i)"गज़ब हो गया। ऐसी बस अपने आप चलती है।" लेखक को यह सुनकर हैरानी क्यों हुई?

(ii) बदलू से अंतिम बार मिलकर लेखक क्यों प्रसन्न था?

(iii) वस्तु-विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

(iv) लेखक ने बस कंपनी के हिस्सेदार को 'महान आदमी' कहा है? इसके पीछे-छिपे व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(v) दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है?

**9.निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)**

अभी भी भीड़ है स्टेशन पर
अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है
गंतव्य तक जहाँ कोई कर रहा होगा प्रतीक्षा
अभी भी कहता है कोई किसी को
जल्दी आ जाओ कि अब
सूरज डूबने का वक्त हो गया

**(i) घर आने के लिए अभी भी कोई किसी को क्या कहता है?**

(अ) सूरज निकलने का समय हो गया है
(ब) सूरज डूबने का समय हो गया है
(स) रेलगाड़ी के जाने का समय हो गया है
(द) लोगों के आने का समय हो गया है

**(ii) गंतव्य पर कौन किसकी प्रतीक्षा कर रहा होगा?**

(अ) कुछ लोग रेलगाड़ी के खुलने का
(ब) कोई व्यक्ति रेलगाड़ी के आने का
(स) कोई व्यक्ति रेलगाड़ी से आने वाले की
(द) कोई व्यक्ति अपने रिश्तेदार की

**(iii) रेलगाड़ी कहाँ तक जाती है?**

(अ) गंतव्य तक
(ब) अंतरिक्ष के पार
(स) स्टेशन तक
(द) सूरज डूबने तक

**(iv) गंतव्य पर क्या हो रहा होगा?**

(अ) भीड़ होगी
(ब) लोग आ-जा रहे होंगे
(स) कोई प्रतीक्षा कर रहा होगा
(द) कोई आ रहा होगा

**(v) जल्दी बुलाने का क्या कारण है?**

(अ) स्टेशन पर भीड़ है
(ब) सूरज डूबने वाला है
(स) कोई प्रतीक्षा कर रहा है
(द) रेलगाड़ी जाने वाली है

10. **पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2X3=6)**

(i) पक्षी और बादल द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन-कौन पढ़ पाते हैं?

(ii) कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?

(iii) एक भाव में रहकर सुख-दु:ख के घूँट पीने से कवि क्या कहना चाहता है?

(iv) किस प्रकार का सुमिरन भक्ति नहीं है?

**11.पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधार निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए-** **(3X2=6)**

(i) भारतवासियों की विरासत की क्या विशेषताएँ हैं ?

(ii) कुंभ स्नान पर्व के बारे में नेहरू जी के क्या विचार थे?

(iii) गीता का उपदेश सर्वप्रथम कब और किसे दिया गया?

## खंड-'घ' (रचनात्मक लेखन)

**12.निम्नलिखित तीन विषयों में से में से एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए-** **(6)**

(क) जीवन में अनुशासन का महत्त्व

संकेत बिंदु- * अनुशासन से तात्पर्य * अनुशासन की आवश्यकता * अनुशासनहीनता की हानियाँ

(ख) विज्ञापन की बढ़ती हुई लोकप्रियता

संकेत बिंदु- * विज्ञापन की आवश्यकता * विज्ञापन से होने वाले लाभ * विज्ञापन से होने वाली हानियाँ

(ग) भारत के पर्व एवं त्योहार

संकेत बिंदु- * जीवन में त्योहारों का महत्त्व * हमारे पर्व-हमारे गौरव * भारत के प्रमुख पर्व * सांस्कृतिक एकता में इसका महत्त्व

13.विद्यालय की पुस्तकालय में और किताबें मँगवाने की प्रार्थना करते हुए प्राचार्य को एक प्रार्थना पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

छात्रावास में रह रहे छोटे भाई के द्वारा की गई मोबाइल फोन की माँग पर,अभी इसका उपयोग न करने का परामर्श देते हुए पत्र लिखिए ।

14.आपके विद्यालय में एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हर तरह की पुस्तकों पर 25% छूट दी जाएगी। ये पुस्तकें विभिन्न विषयों से संबंधित होंगी। इस संबंध में एक सूचना तैयार करें। (5)

**अथवा**

हिन्दी दिवस पर विद्यालय में आठवीं से लेकर दसवीं तक के बच्चों के लिए विविध कार्यक्रमों जैसे वाद-विवाद,संभाषण,काव्य-पाठ और निबंध-लेखन आदि का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों को इसके बारे में जानकारी देते हुए एक सूचना तैयार कीजिए।

15.विद्यालय के कला-विभाग के छात्रों द्वारा बनाए गए चित्रों और पेंटिंग्स की बिक्री हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (4)

अथवा

मोबाइल का एक नया सेट बाज़ार में आया है जिसमें नए-नए फीचर और एप्प आ गए हैं, बेचने हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।